नोकिया 1200/1208 उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

CE0434

अनुपालन की घोषणा

एतद्वारा, नोकिया कॉर्पोरेशन ये घोषणा करता है कि यह RH-99/RH-105 उत्पाद 1999/5/EC की अनिवार्यताओं और अन्य संबंधित प्रावधानों का अनुपालन करता है। पुष्टि की घोषणा की प्रति यहाँ पर देखी जा सकती है http://www.nokia.com/phones/declaration_of_conformity/।

© 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

Nokia, Nokia Connecting People, और Navi नोकिया कॉर्पोरेशन के ट्रेडमार्क्स या पंजीकृत ट्रेडमार्क्स हैं। नोकिया धुन नोकिया कॉर्पोरेशन का ध्वनि चिह्न है। यहाँ उल्लेखित अन्य प्रॉडक्ट व कंपनियाँ उनके अपने अपने स्वामियों के ट्रेडमार्क या पंजीकृत ट्रेडमार्क हो सकते हैं।

नोकिया की पूर्व लिखित अनुमति के बगैर इस दस्तावेज़ की संपूर्ण सामग्री या उसके किसी हिस्से का किसी भी स्वरूप में पुनरुत्पादन, हस्तांतरण, वितरण, या भंडारण प्रतिबंधित है।

यूएस पेटेन्ट क्र. 5818437 व अन्य लंबित पेटेन्ट। T9 टेक्स्ट इनपुटट सॉफ़्टवेयर कॉपीराइट © 1997-2007। Tegic Communications, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित।

नोकिया सतत् विकास की नीति पर कार्य करता है। नोकिया बिना किसी पूर्व सूचना के इस दस्तावेज़ में वर्णित किसी भी प्रॉडक्ट में परिवर्तन और संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

लागू कानून द्वारा द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, किसी भी परिस्थिति में नोकि या या उसके कोई भी लाइसेंसर डेटा या आय के किसी नुकसान या किसी विशेष, आकस्मिक, परिणामी या परोक्ष क्षति, चाहे वह कि सी भी तरह हुई हो, के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

इस दस्तावेज़ में विषय-वस्तुओं को ठीक उसी ढंग से प्रस्तुत किया गया है, ''जैसी वे हैं''। लागू कानून की अपेक्षाओं के अतिरिक्त नोकिया इस दस्तावेज़ की शुद्धता, विश्वसनीयता, या सामग्री की किसी प्रकार की कोई सुव्यक्त या निहित वारंटी नहीं देता, जिसमें किसी विशेष उद्देश्य के लिए विक्रयशीलता और उपयुक्ततता संबंधी निहित वारंटी भी शामिल है, किन्तु इन तक सीमित नहीं है। नोकिया के पास इस दस्तावेज़ को किसी भी समय, बिना पूर्व जानकारी दिये संशोधित करने और वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है।

इन प्रॉडक्ट्स के लिए प्रॉडक्ट या अनुप्रयोग विशेष की उपलब्धता क्षेत्र के अनुसार भिन्न हो सकती है। विवरण के लिए और भाषा विकल्पों की उपलब्धता के लिए कृपया अपने नोकिया विक्रेता से पूछें।

इस डिवाइस में यूएस और अन्य देशों के निर्यात कानूनों और विनियमों के तहत वस्तुएँ, टेक्नॉलॉजी या सॉफ़्टवेयर हो सकते हैं। कानून के विरुद्ध विचलन प्रतिबंधित है।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

विषय-सूची

आपकी सुरक्षा के लिए iv
आपके डिवाइस के बारे में vii
नेटवर्क सेवाएँ viii

1. प्रारंभ करें 1
सिम कार्ड और बैटरी स्थापित करें........... 1
बैटरी चार्ज करें................................. 3
चालू या बंद करें.............................. 4

2. आपका फ़ोन 5
कुंजियाँ और भाग 5
मुख्य सुविधाएँ.................................. 6
कॉल करें और उत्तर दें....................... 7
लाउडस्पीकर 7
पाठ्य लिखें...................................... 8
संदेश.. 9
संपर्क.. 10
फ़्लैशलाइट 10
मल्टी-फ़ोनबुक............................... 11

3. बैटरी की जानकारी 12
चार्ज और डिस्चार्ज करना................. 12
नोकिया बैटरी प्रमाणीकरण मार्गनिर्देश .. 14

4. असली एन्हांसमेंट्स 17
बैटरी... 18
नोकिया मोबाइल चार्जर (DC-4)...... 19
नोकिया बैटरी चार्जिंग स्टैंड (DT-14) 19
ऑडियो.. 19

देखभाल व रखरखाव 20

अतिरिक्त सुरक्षा जानकारी.............22
छोटे बच्चे...................................... 22
परिचालन वातावरण 22
चिकित्सा उपकरण.......................... 23
वाहन 24
संभावित विस्फोटक परिवेश 25
आपातकालीन कॉल 25
प्रमाणन जानकारी (SAR) 26

अनुक्रमणिका......................... 28

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

आपकी सुरक्षा के लिए

ये सरल मार्गनिर्देश पढ़ें। इनका पालन न करना ख़तरनाक या ग़ैर-कानूनी हो सकता है। आगे की जानकारी के लिए पूर्ण उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका पढ़ें।

सुरक्षापूर्वक चालू करें
जहाँ वायरलेस फ़ोन का उपयोग प्रतिबंधित हो या उससे तकनीकी बाधा या ख़तरा उत्पन्न होने की संभावना हो वहाँ डिवाइस चालू न करें।

सड़क पर सुरक्षा सर्वोपरि
सभी स्थानीय कानूनों का पालन करें। ड्राइविंग करते समय वाहन को चलाने के लिए अपने हाथ हमेशा खाली रखें। ड्राइविंग के दौरान आपकी सबसे पहली चिंता सड़क सुरक्षा होनी चाहिए।

तकनीकी बाधा
सभी वायरलेस डिवाइसेस तकनीकी बाधा के प्रति संवेदनशील हो सकती हैं, और तकनीकी बाधा से कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

अस्पतालों में बंद रखें
प्रतिबंधों का पालन करें। मेडिकल उपकरणों के पास डिवाइस बंद कर दें।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

विमान में बंद कर दें
प्रतिबंधों का पालन करें। वायरलेस डिवाइसेस विमानों में तकनीकी बाधा उत्पन्न कर सकते हैं।

पेट्रोल पंपों पर बंद कर दें
किसी पेट्रोल या गैस स्टेशन पर डिवाइस का उपयोग न करें। ईंधन या रसायनों के पास उपयोग न करें।

विस्फोट के निकट बंद कर दें
प्रतिबंधों का पालन करें। जहाँ ब्लास्टिंग जारी हो वहाँ डिवाइस का उपयोग न करें।

समझदारी से उपयोग करें
केवल प्रॉडक्ट दस्तावेज़ में बताई गई स्थितियों में उपयोग करें। अनावश्यक रूप से एन्टीना क्षेत्रों को न छुएँ।

योग्य सेवा
केवल योग्य कर्मचारी ही इस प्रॉडक्ट को स्थापित या दुरुस्त कर सकते हैं।

एन्हांसमेंट एवं बैटरियाँ
केवल स्वीकृत एन्हांसमेंट एवं बैटरियों का उपयोग करें। असंगत प्रॉडक्ट कनेक्ट न करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

जल-रोधन
आपकी डिवाइस जल रोधक नहीं है। उसे शुष्क रखें।

बैकअप प्रतिलिपियाँ
अपने डिवाइस में संचित सारी महत्वपूर्ण जानकारी की बैकअप प्रतिलिपियाँ बनाना या उनका लिखित रिकॉर्ड रखना याद रखें।

अन्य उपकरण से कनेक्ट करना
किसी भी अन्य उपकरण से कनेक्ट करते समय सविस्तार सुरक्षा निर्देशों के लिए उसकी उपयोगकर्ता गाइड पढ़ें। असंगत प्रॉडक्ट कनेक्ट न करें।

आपातकालीन कॉल
सुनिश्चित करें कि डिवाइस का फ़ोन फ़ंक्शन ऑन है ओर सेवा में है। डिस्प्ले को साफ़ करने के लिए जितनी बार आवश्यक हो समाप्ति कुंजी दबाएँ और स्टैंडबाई मोड में वापस आएँ। आपातकालीन नंबर दर्ज करें और कॉल कुंजी दबाएँ। अपना स्थान बताएँ। अनुमति दिए जाने तक कॉल समाप्त न करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

आपके डिवाइस के बारे में

इस मार्गदर्शिका में वर्णित वायरलेस डिवाइस GSM 900 और GSM 1800 नेटवर्कों पर उपयोग करने के लिए अनुमोदित है। नेटवर्कों के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

इस डिवाइस की सुविधाओं का उपयोग करते समय सभी कानूनों का पालन करें और स्थानीय प्रथाओं, गोपनीयता व कॉपीराइट सहित दूसरों के वैध अधिकारों का सम्मान करें।

चेतावनी: अलार्म घड़ी के अलावा इस डिवाइस की किसी भी सुविधा का उपयोग करने के लिए डिवाइस को चालू किया जाना चाहिए। जब वायरलेस डिवाइस के उपयोग से तकनीकी बाधा या ख़तरा उत्पन्न होने की संभावना हो तो डिवाइस चालू न करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

नेटवर्क सेवाएँ

फ़ोन का उपयोग करने के लिए आपके पास किसी वायरलेस सेवा प्रदाता की सेवा उपलब्ध होनी चाहिए। कई सुविधाओं के लिए विशेष नेटवर्क सुविधाओं की आवश्यकता होगी। ये सुविधाएँ सभी नेटवर्कों पर उपलब्ध नहीं हैं, अन्य नेटवर्कों के अनुसार आपके लिए नेटवर्क सेवाओं के उपयोग से पहले अपने सेवा प्रदाता के साथ विशिष्ट व्यवस्था करना आवश्यक है। आपका सेवा प्रदाता आपको निर्देश दे सकता है और बता सकता है कि क्या शुल्क लागू होंगे। कुछ नेटवर्कों की सीमाएँ हो सकती हैं जो आपके नेटवर्क सेवाओं के उपयोग को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए कुछ नेटवर्क शायद सभी भाषा–आधारित वर्णों और सेवाओं का समर्थन न करें।

आपके सेवा प्रदाता ने शायद यह अनुरोध किया हो कि कुछ सुविधाएँ अक्षम कर दी जाएँ या आपके डिवाइस में सक्रिय न की जाएँ। यदि ऐसा है तो वे सुविधाएँ आपके डिवाइस मेनू पर प्रदर्शित नहीं होंगी। आपके डिवाइस का शायद कोई विशेष कॉन्फ़िगरेशन हो, जैसे मेनू नामों, मेनू क्रम या चिह्नों में बदलाव। अधिक जानकारी के लिए आपके सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

1. प्रारंभ करें

■ सिम कार्ड और बैटरी स्थापित करें

बैटरी निकालने से पहले हमेशा डिवाइस को बंद कर दें और चार्जर को डिस्कनेक्ट कर दें।

सभी सिम कार्ड्स छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

सिम कार्ड सेवाओं की उपलब्धता और उनके उपयोग से संबंधित जानकारी के लिए अपने सिम कार्ड विक्रेता से संपर्क करें। यह सेवा प्रदाता, नेटवर्क ऑपरेटर, या अन्य कोई विक्रेता हो सकता है।

यह फ़ोन BL-5CA बैटरी के साथ उपयोग करने के लिए है।

1. निकालने के लिए बैक कवर खींचें (1)। बैटरी उठाएँ और उसे निकालें (2)।
2. फ़ोन की फ़िंगर ग्रिप से सावधानीपूर्वक सिम कार्ड होल्डर उठाएँ (3)। सिम कार्ड होल्डर में प्रविष्ट करें, ताकि बेवल किया गया कोना ऊपरी दाईं ओर रहे और सुनहरी रंग का संपर्क क्षेत्र नीचे की ओर है (4)। सिम कार्ड होल्डर बंद करें, और इसे स्थान में अवरोधित करने के लिए दबाएँ (5)।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

3. बैटरी और बैक कवर वापस लगा दें (6, 7)।



ध्यान दें: कवर्स निकालने से पहले हमेशा पॉवर बंद कर दें और चार्जर व अन्य किसी भी डिवाइस को डिस्कनेक्ट कर दें। कवर्स बदलने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों को न छुएँ। डिवाइस को हमेशा कवर्स जोड़ कर ही रखें व इस्तेमाल करें।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

बैटरी चार्ज करें

चेतावनी: इस विशिष्ट मॉडल के साथ उपयोग के लिए केवल नोकिया द्वारा स्वीकृत बैटरियों, चार्जर, और अतिरिक्त उपकरणों का उपयोग करें। अन्य किसी भी प्रकार का उपयोग किसी भी स्वीकृति या वारंटी को अमान्य कर सकता है, और खतरनाक हो सकता है।

इस डिवाइस के साथ उपयोग करने से पहले किसी भी चार्जर का मॉडल नंबर देख लें। यह डिवाइस उस स्थिति में उपयोग के लिए बनाया गया है जब इसे AC-3 चार्जर से पॉवर दी जाए।

स्वीकृत एन्हांसमेंट की उपलब्धता के लिए कृपया अपने नोकिया विक्रेता से पूछें। जब भी आप किसी अतिरिक्त उपकरण की पॉवर कॉर्ड डिस्कनेक्ट करें, तो प्लग को पकड़ कर बाहर निकालें, कॉर्ड को नहीं।

1. वॉल आउटलेट से चार्जर कनेक्ट करें।
2. फ़ोन से चार्जर कनेक्ट करें। बैटरी संकेतक पट्टी स्क्रॉल करना प्रारंभ करती है। बैटरी पूरी तरह चार्ज होने पर, पट्टी स्क्रॉल करना बंद कर देती है।



युक्ति: बिजली बचाने के लिए, बैटरी पूरी तरह चार्ज होने के बाद चार्जर को अनप्लग कर दें।

यदि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज हो चुकी है, तो डिस्प्ले पर चार्ज करने का संकेतक दिखाई देने या कॉल कर सकने के पूर्व कुछ समय लग सकता है।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

■ चालू या बंद करें

समाप्ति कुंजी दबाकर रखें।



फ़ोन को केवल इसकी सामान्य परिचालन स्थिति में ही उपयोग करें।

आपके डिवाइस में एक आंतरिक एन्टीना है।

ध्यान दें: किसी भी अन्य रेडियो ट्रांसमिटिंग उपकरण की तरह, जब एन्टीना प्रयोग में हो, तो इसे बिना आवश्यकता के न छुएँ। उदाहरण के लिए, फ़ोन कॉल के दौराल सेल्यूलर एन्टीना न छुएँ। किसी संप्रेषण या ग्राही एंटीना को छूने से रेडियो संप्रेषण की गुणवत्ता प्रभावित होती है, संभव है कि डिवाइस को आवश्यकता से अधिक ऊर्जा पर चलना पड़े और बैटरी का जीवनकाल घट सकता है।

ध्यान दें: इस कनेक्टर को न छुएँ क्योंकि यह केवल अधिकृत सेवा कर्मियों द्वारा उपयोग के लिए है।



 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

2. आपका फ़ोन

कुंजियाँ और भाग

- नेटवर्क नाम या ऑपरेटर लोगो (1)
- नेटवर्क सिग्नल क्षमता (2)
- बैटरी चार्ज स्तर (3)
- ईयरपीस (4)
- लाउडस्पीकर (5)
- फ़्लैशलाइट (6)
- चयन कुंजी फ़ंक्शंस (7)
- चयन कुंजियाँ (8)
- Navi™ कुंजी (9), इसके बाद स्क्रॉल कुंजी
- कॉल कुंजी (10)
- समाप्ति कुंजी/पॉवर कुंजी (11)
- कुंजीपटल (12)
- चार्जर कनेक्टर (13)
- हेडसेट कनेक्टर (14)



Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

मुख्य सुविधाएँ

निम्न सुविधाएँ प्राप्त करने के लिए **मीनू** का चयन करें:

संदेश—संदेश बनाने, भेजने, खोलने, और प्रबंधित करने के लिए

संपर्क—सिम कार्ड और फ़ोन स्मृति में नाम और फ़ोन नंबर रक्षित करने के लिए

कॉल पंजी—छूटी, प्राप्त, और डायल किए गए कॉल के फ़ोन नंबर प्राप्त करने के लिए

सेटिंग—आपके फ़ोन की विभिन्न सुविधाएँ सेट करने के लिए

अलार्म घड़ी—अलार्म के लिए समय सेट करने हेतु

रिमाइंडर—*रिमाइंडर* प्रबंधित करने के लिए

खेल—खेल प्रभावों को सेट करने के लिए या आपके फ़ोन में स्थापित खेलों को खेलने के लिए

अतिरिक्त—*कैलकुलेटर*, *परिवर्तक*, *शे-सम. सूचक*, *कैलेंडर*, *स्टॉपवाच*, *रचनाकार*, *डेमो*, और *टॉर्च*

सिम सेवाएँ—आपके सिम कार्ड द्वारा समर्थित होने पर, अतिरिक्त सेवाएँ उपयोग करने के लिए

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

कॉल करें और उत्तर दें

कॉल करने के लिए, फ़ोन नंबर दर्ज करने के साथ-साथ, आवश्यक होने पर देश कोड और क्षेत्र कोड भी दर्ज करें। नंबर पर कॉल करने के लिए कॉल कुंजी दबाएँ। फ़ोन कॉल के समय ईयरपीस या हेडसेट की ध्वनि प्रबलता अधिक करने के लिए दाईं ओर या कम करने के लिए बाईं ओर स्क्रॉल करें।

आने वाली कॉल का उत्तर देने के लिए, कॉल कुंजी दबाएँ। उत्तर दिए बिना कॉल निरस्त करने के लिए, समाप्ति कुंजी दबाएँ।

लाउडस्पीकर

यदि उपलब्ध हो, तो कॉल के दौरान आप लाउडस्पीकर या ईयरपीस का उपयोग करने के लिए **लाउडस्पीकर** या **हैंड्सफ्री** का चयन कर सकते हैं।

चेतावनी: जब लाउडस्पीकर उपयोग में हो तो डिवाइस को अपने कान के पास न पकड़ें क्योंकि वॉल्यूम बहुत अधिक हो सकता है।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

■ पाठ्य लिखें

आप पारंपरिक पाठ्य इनपुट या पूर्वाभास पाठ्य इनपुट उपयोग करके पाठ्य दर्ज कर सकते हैं। पारंपरिक पाठ्य इनपुट उपयोग करने के लिए, कुंजी को अक्षर प्रकट होने तक दबाते रहें। लिखते समय पूर्वाभास पाठ्य इनपुट चालू करने के लिए, **विकल्प** > *शब्दकोश* और इच्छित भाषा का चयन करें; इसे बंद करने के लिए, **विकल्प** > *शब्दकोश* > *शब्दकोश बंद* का चयन करें।

पूर्वाभास पाठ्य इनपुट उपयोग करते समय, एक अक्षर के लिए प्रत्येक कुंजी एक बार दबाएँ। यदि प्रदर्शित शब्द इच्छित शब्द है, तो **0** दबाएँ, और अगला शब्द लिखना प्रारंभ करें। शब्द बदलने के लिए, इच्छित शब्द प्रकट होने तक * बार-बार दबाएँ। यदि ? शब्द के बाद प्रदर्शित होता है, तो शब्द शब्दकोश में नहीं है। शब्द को शब्दकोश में जोड़ने के लिए, **वर्तनी** का चयन करें, शब्द दर्ज करें (पारंपरिक पाठ्य इनपुट उपयोग करके), और **ठीक** का चयन करें।

पाठ्य लेखन के लिए युक्तियाँ: रिक्ति जोड़ने के लिए, **0** दबाएँ। पाठ्य इनपुट पद्धति शीघ्रता से बदलने के लिए, **#** बार-बार दबाते रहें, और प्रदर्शन के शीर्ष पर संकेतक जाँचें। संख्या जोड़ने के लिए, इच्छित संख्या कुंजी दबाकर रखें। विशेष वर्णों की सूची प्राप्त करने के लिए, पारंपरिक पाठ्य इनपुट का उपयोग करते समय, * दबाएँ; पूर्वाभास पाठ्य इनपुट उपयोग करते समय, * दबाकर रखें। संपादन विंडो में संदेश का मिटाना पूर्ववत् करने के लिए, **विकल्प** > *हटाना वापस करें* का चयन करें।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

संदेश

संदेश सेवाओं का उपयोग केवल तभी किया जा सकता है जब वे आपके नेटवर्क या सेवा प्रदाता द्वारा समर्थित हों।

आपका डिवाइस किसी एक संदेश के लिए तय वर्ण सीमा से अधिक वर्ण वाले पाठ्य संदेशों को भेजे जाने का समर्थन करता है। सीमा से बड़े संदेश दो या अधिक संदेशों की श्रृंखलाओं में भेजे जाते हैं। आपका सेवा प्रदाता इसी आधार पर शुल्क ले सकता है। एक्सेंट या अन्य चिह्नों का उपयोग करने वाले वर्ण, और कुछ भाषा विकल्पों जैसे चीनी के वर्ण अधिक स्थान लेते हैं, और इससे किसी एक संदेश में भेजे जा सकने वाले वर्णों की संख्या सीमित हो जाती है।

1. **मीनू** > *संदेश* > *संदेश बनाएँ* का चयन करें।
2. संदेश लिखें।
3. संदेश भेजने के लिए, **विकल्प** > *भेजें* का चयन करें, प्राप्तकर्ता का फ़ोन नबंर दर्ज करें, और **ठीक** का चयन करें।

ध्यान दें: आपका डिवाइस यह इंगित कर सकता है कि आपका संदेश आपके डिवाइस में प्रोग्राम किए गए संदेश केन्द्र नंबर पर भेजा गया था। आपका डिवाइस शायद यह इंगित न करे कि संदेश इच्छित गंतव्य पर प्राप्त किया गया है या नहीं। संदेश प्रेषण सेवाओं के बारे में अधिक विवरण के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

सभी पढ़े संदेश या किसी फ़ोल्डर में सभी संदेश हटाने के लिए, **मीनू** > *संदेश* > *संदेश मिटाएँ* > *सभी पठित* या इच्छित फ़ोल्डर का चयन करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

संपर्क

फ़ोन स्मृति और सिम कार्ड स्मृति में आप नाम और फ़ोन नंबर रक्षित कर सकते हैं। आंतरिक फ़ोन बुक 200 नाम तक रक्षित कर सकती है।

कोई संपर्क खोजने के लिए, स्टैंडबाई मोड में नीचे स्क्रॉल करें, और नाम का पहला अक्षर दर्ज करें। इच्छित नाम स्क्रॉल करें।

आप **मीनू** > *संपर्क* निम्न विकल्पों से भी चयन कर सकते हैं:

संपर्क जोड़ें—फ़ोन बुक में नाम और फ़ोन नंबर रक्षित करने के लिए

प्रतिलिपि करें—आंतरिक फ़ोन बुक से नामों और फ़ोन नंबर की प्रतिलिपि सिम फ़ोन बुक में या इसके विपरीत एक बार में या एक-एक करके बनाने के लिए

फ़्लैशलाइट

फ़्लैशलाइट चालू या बंद करने के लिए, **मीनू** > *अतिरिक्त* > *टॉर्च* > *चालू* या *बंद* का चयन करें।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

मल्टी–फ़ोनबुक

आपका फ़ोन एकाधिक उपयोगकर्ताओं के लिए पाँच अलग–अलग फ़ोन पुस्तिकाओं का समर्थन करता है। जब मल्टी–फ़ोनबुक सक्रिय होती है, तो केवल सक्रिय फ़ोनबुक के संपर्क ही दिखाई देते हैं।

मल्टी–फ़ोनबुक सक्रिय करने के लिए, **मीनू** > *संपर्क* > *सेटिंग* > *बहु–फोन–पुस्तिका* > *फोन–पुस्तिका शैली* > *बहु फोन–पुस्तिका*। फ़ोनबुक सक्रिय करने के लिए, **मीनू** > *संपर्क* > *सेटिंग* > *बहु–फोन–पुस्तिका* > *मौजूदा फोन–पुस्तिका* और इच्छित फ़ोनबुक या *साझा संपर्क* का चयन करें।

संपर्क एक या अधिक फ़ोनबुक्स से संबंधित हो सकता है। *साझा संपर्क* के संपर्क सभी फ़ोनबुक्स से प्राप्त हो सकते हैं। एक या अधिक फ़ोनबुक्स को संपर्क असाइन करने के लिए, **मीनू** > *संपर्क* > *सेटिंग* > *बहु–फोन–पुस्तिका* > *संपर्क व्यवस्थित करना* का चयन करें। इच्छित संपर्क स्क्रॉल करें, और इसका चयन करें। वे फ़ोनबुक्स चिह्नित करें जिसमें आप संपर्क रक्षित करना चाहते हैं, और **संपन्न** > **हाँ** का चयन करें।

फ़ोनबुक्स का नाम बदलने के लिए, **मीनू** > *संपर्क* > *सेटिंग* > *बहु–फोन–पुस्तिका* > *फोन–पुस्तिका पुनर्नामित करना* और इच्छित फ़ोनबुक का नाम बदलें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

3. बैटरी की जानकारी

चार्ज और डिस्चार्ज करना

आपके डिवाइस को एक रिचार्जेबल बैटरी से ऊर्जा प्राप्त होती है। बैटरी सैकड़ों बार चार्ज और डिस्चार्ज की जा सकती है, लेकिन अंततः वह बेकार हो जाएगी। जब टॉक टाइम और स्टैंडबाई टाइम सामान्य से काफ़ी कम होने लगें, तो बैटरी को बदल दें। केवल नोकिया द्वारा स्वीकृत बैटरियों का उपयोग करें, और अपनी बैटरी को इस डिवाइस के लिए निर्धारित किए गए नोकिया स्वीकृत चार्जरों से ही रिचार्ज करें।

यदि बदली की गई किसी बैटरी का पहली बार उपयोग किया जा रहा है या यदि बैटरी का काफी लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है, तो बैटरी की चार्जिंग आरंभ करने के लिए यह आवश्यक हो सकता है कि चार्जर को कनेक्ट किया जाए, फिर डिस्कनेक्ट किया जाए, और फिर वापस कनेक्ट किया जाए।

उपयोग न होने पर चार्जर को इलेक्ट्रिकल प्लग व डिवाइस से अलग कर दें। पूरी तरह से चार्ज हो चुकी बैटरी को चार्जर से कनेक्ट की हुई स्थिति में न छोड़ें, क्योंकि अत्यधिक चार्जिंग से बैटरी का जीवनकाल घट सकता है। इस्तेमाल न किए जाने पर पूरी तरह चार्ज की हुई बैटरी का चार्ज समय के साथ साथ समाप्त हो जाता है।

यदि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज हो चुकी है, तो डिस्प्ले पर चार्ज करने का संकेतक दिखाई देने या कॉल कर सकने तक कुछ मिनट का समय लग सकता है।

बैटरी को केवल उसी उद्देश्य के लिए उपयोग करें जिसके लिए उसे बनाया गया है। क्षतिग्रस्त चार्जर या बैटरी का कभी भी उपयोग न करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

बैटरी को शॉर्ट सर्किट न करें। शॉर्ट सर्किटिंग दुर्घटनावश तब हो सकती है जब कोई धातु की वस्तु जैसे कोई सिक्का, क्लिप या पेन बैटरी के धनात्मक (+) और ऋणात्मक (-) टर्मिनलों के बीच सीधे कनेक्शन का कारण बन जाए। (ये बैटरी पर धातु की पट्टियों के समान दिखते हैं।) उदाहरण के लिए यह तब हो सकता है जब आप अपने जेब या अपने बटुए में अतिरिक्त बैटरी ले कर चलें। टर्मिनलों की शॉर्ट सर्किटिंग से बैटरी या टर्मिनलों को कनेक्ट करने वाली वस्तु क्षतिग्रस्त हो सकती है।

बैटरी को गर्म या ठंडे स्थानों पर, जैसे गर्मियों या जाड़ों में बंद कार में छोड़ने से बैटरी की क्षमता और जीवनकाल कम हो जाते हैं। बैटरी को हमेशा 15°C और 25°C (59°F और 77°F) के बीच के तापमान पर रखने की कोशिश करें। गरम या ठंडी बैटरी से युक्त डिवाइस संभवतः अस्थायी रूप से काम न करें, तब भी जब बैटरी पूरी तरह चार्ज हो। हिमांक से कम तापमान पर बैटरी की कार्यक्षमता खास तौर पर सीमित हो जाती है।

बैटरियों का आग में न फेंकें क्योंकि उनमें विस्फोट हो सकता है। बैटरियाँ क्षतिग्रस्त होने पर भी उनमें विस्फोट हो सकता है। बैटरियों का निपटान स्थानीय कानूनों के अनुसार करें। जब भी संभव हो कृपया रीसाइकिल करें। घरेलू कचरे के साथ न फेंकें।

सेल या बैटरी को खोलें या काटें नहीं। बैटरी में रिसाव होने की स्थिति में उससे निकलने वाले द्रव को त्वचा या आँखों के संपर्क में न आने दें। ऐसा रिसाव होने की स्थिति में तुरंत अपनी त्वचा व आँखों को पानी से धोएँ, या मेडिकल सहायता प्राप्त करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

■ नोकिया बैटरी प्रमाणीकरण मार्गनिर्देश

अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा असली नोकिया बैटरियों का ही उपयोग करें। यह जाँचने के लिए कि आपको असली नोकिया बैटरी ही मिल रही है, बैटरी को अधिकृत नोकिया डीलर से ही खरीदें, पैकेजिंग पर नोकिया ओरिजिनल एन्हांसमेंट लोगो देखें, और निम्नलिखित उपाय करते हुए होलोग्राम लेबल की जाँच करें:

चारों उपायों को सफलतापूर्वक करने पर भी बैटरी की प्रामाणिकता को पूर्ण रुप से सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। यदि आपके पास यह मानने का कोई कारण हो कि आपकी बैटरी अधिकृत नोकिया बैटरी नहीं है तो आप उसका उपयोग न करें, व सहायता के लिए उसे नज़दीकी नोकिया सेवा केंद्र या डीलर के पास लेकर जाएँ। आपके अधिकृत नोकिया सेवा केंद्र या डीलर प्रामाणिकता के लिए बैटरी की जाँच करेंगे। यदि प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं होती है, तो जहाँ से बैटरी खरीदी है वहाँ वापस लौटा दें।

होलोग्राम प्रमाणित करें

1. लेबल पर होलोग्राम को देखते समय आपको एक कोण से नोकिया कनेक्टिंग पीपल का निशान और दूसरे कोण से नोकिया ओरिजिनल एन्हांसमेंट लोगो दिखना चाहिए।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

2. होलोग्राम को दाएँ, बाएँ, नीचे व ऊपर से देखने पर क्रमश: प्रत्येक ओर 1, 2, 3 तथा 4 बिंदु नज़र आएँगे।

3. लेबल को खुरचने पर आपको 20-अंकों का एक कोड दिखेगा, उदाहरण के लिए 12345678919876543210। बैटरी को पलटें जिससे ये अंक ऊपर की ओर रहें। 20-अंक कोड में पहले ऊपरी पंक्ति की संख्याएँ और उसके बाद निचली पंक्ति की संख्याएँ होती हैं।

4. www.nokia.co.in/batterycheck पर दिए निर्देशों का पालन करके यह सुनिश्चित करें कि 20-अंक का कोड वैध है।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

एक पाठ्य संदेश बनाने के लिए, 20-अंकों का कोड दर्ज करें, उदाहरण के लिए, 12345678919876543210, और +44 7786 200276 पर भेजें।

पाठ्य संदेश बनाने के लिए, निम्न कार्य करें:

- भारत को छोड़ कर एशिया पैसिफ़िक के देशों के लिए: 20-अंकों का कोड दर्ज करें, उदाहरण के लिए, 12345678919876543210, और उसे +61 427151515 पर भेजें।
- केवल भारत के लिए: पहले "Battery" और फिर 20-अंकों का बैटरी कोड दर्ज करें, उदाहरण के लिए, Battery 12345678919876543210, और उसे 5555 पर भेजें।

राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ऑपरेटर शुल्क लागू होंगे।

आपको एक संदेश मिलना चाहिये जो यह बताएगा कि कोड को अधिकृत किया जा सकता है या नहीं।

यदि आपकी बैटरी अधिकृत न हो तो क्या होगा?

यदि आप यह सुनिश्चित नहीं हैं कि लेबल पर होलोग्राम वाली आपकी नोकिया बैटरी अधिकृत नोकिया बैटरी नहीं है, तो कृपया बैटरी का उपयोग न करें। सहायता के लिए उसे नज़दीकी अधिकृत नोकिया सेवा केंद्र या डीलर के पास ले जाएँ। ऐसी किसी बैटरी का उपयोग खतरनाक हो सकता है जो निर्माता द्वारा स्वीकृत नहीं है, और इसके फलस्वरूप आपका डिवाइस और उसके एन्हांसमेंट की कार्यक्षमता में कमी हो सकती है या उन्हें क्षति पहुँच सकती है। इसके कारण डिवाइस पर लागू कोई स्वीकृति या वारंटी भी अमान्य हो सकती है।

मौलिक नोकिया बैटरियों के बारे में अधिक जानने के लिए www.nokia.co.in/batterycheck देखें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

4. असली एन्हांसमेंट्स

एन्हांसमेंट्स की नई विस्तृत श्रेणी आपके फ़ोन के लिए उपलब्ध है। आपकी विशिष्ट संप्रेषण आवश्यकताओं के अनुकूल एन्हांसमेंट्स का चयन करें।

कुछ एन्हांसमेंट्स का नीचे विस्तार से वर्णन किया गया है।

एन्हांसमेंट्स की उपलब्धता के लिए, कृपया अपने स्थानीय विक्रेता से पूछें।

सहायक व अतिरिक्त उपकरणों के बारे में कुछ व्यावहारिक नियम।

- सभी सहायक व अतिरिक्त उपकरणों को छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- जब भी आप किसी सहायक व अतिरिक्त उपकरण की पॉवर कॉर्ड डिस्कनेक्ट करें, तो प्लग को पकड़ कर बाहर निकालें, कॉर्ड को नहीं।
- नियमित रूप से जाँचें कि किसी वाहन में स्थापित किए गए अतिरिक्त उपकरण उचित रूप से माउंट किए गए और कार्यरत हैं।
- किसी भी जटिल कार एन्हांसमेंट की स्थापना केवल योग्य कर्मचारियों द्वारा ही की जानी चाहिए।

फ़ोन निर्माता द्वारा स्वीकृत बैटरियों, चार्जर, और अतिरिक्त उपकरणों का उपयोग करें। अन्य किसी भी प्रकार का उपयोग फ़ोन पर लागू किसी भी स्वीकृति या वारंटी को अमान्य कर सकता है, और खतरनाक हो सकता है।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

■ बैटरी

N1200

सर्वोत्तम कार्यप्रदर्शन

प्रकार	टॉकटाइम*	स्टैंडबाई समय*
BL-5CA	7 घंटों तक	390 घंटों तक

ECTEL

प्रकार	टॉकटाइम	स्टैंडबाई समय
BL-5CA	3.5 घंटे	370 घंटे

N1208

सर्वोत्तम कार्यप्रदर्शन

प्रकार	टॉकटाइम*	स्टैंडबाई समय*
BL-5CA	7 घंटों तक	365 घंटों तक

ECTEL

प्रकार	टॉकटाइम	स्टैंडबाई समय
BL-5CA	3.5 घंटे	350 घंटे

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

* प्रचालन समय में परिवर्तन सिम कार्ड, नेटवर्क और उपयोग सेटिंग, उपयोग शैली और वातावरण के आधार पर हो सकता है। FM रेडियो और एकीकृत हैंड्स-फ्री का उपयोग टॉकटाइम और स्टैंडबाई को प्रभावित करेगा।

नोकिया मोबाइल चार्जर (DC-4)

छोटे चार्जिंग प्लग वाला यह मल्टी-वॉल्टेज चार्जर आपकी फोऩ बैटरी को चार्ज करने के लिए किसी सिगरेट लाइटर में लगाया जा सकता है।

नोकिया बैटरी चार्जिंग स्टैंड (DT-14)

स्टाइलिश नोकिया बैटरी चार्जिंग स्टैंड DT-14 अतिरिक्त फ़ोन बैटरी चार्ज करने का एक आसान और सुविधाजनक तरीका है।

ऑडियो

नोकिया स्टीरियो हैडसेट (HS-47)

नोकिया स्टीरियो हैडसेट HS-47 सुविधाजनक हैंड्सफ्री समाधान उपलब्ध कराता है। उपयोगी उत्तर दें/समाप्त करें बटन कॉलों को प्रबंधित करता है। हैडसेट द्वारा आप संगत नोकिया फोऩ पर FM रेडियो और स्टीरियो में म्यूजिक़ प्लेयर सुन सकते हैं। नोकिया AV एडेप्टर AD-53 के साथ संगतता बढाएँ।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

देखभाल व रखरखाव

आपका डिवाइस श्रेष्ठतर डिज़ाइन व कारीगरी का उत्पाद है और उसकी साज संभाल नज़ाकत के साथ की जानी चाहिए। नीचे दिए सुझाव आपको अपने वारंटी आवरण को सुरक्षित रखने में मदद करेंगे।

- डिवाइस को शुष्क रखें। वर्षा, आर्द्रता और सभी प्रकार के द्रवों या नमी में ऐसे खनिज हो सकते हैं जिनके कारण इलेक्ट्रॉनिक सर्किट में ज़ंग लग सकता है। यदि आपका डिवाइस भीग जाता है, तो बैटरी को निकाल लें, और डिवाइस को पूरी तरह सूखने देने के बाद ही बैटरी वापस लगाएँ।
- धूल भरे व गंदे स्थानों पर डिवाइस का न उपयोग करें न ही उसे रखें। उसके कलपुर्जे और इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।
- डिवाइस को गर्म स्थानों पर न रखें। उच्च तापमान इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस की उम्र कम कर सकता है, बैटरियों को क्षतिग्रस्त कर सकता है, और कुछ तरह के प्लास्टिक्स को मरोड़ या पिघला सकता है।
- डिवाइस को ठंडे स्थानों पर न रखें। जब ठंडी कम होने पर डिवाइस का तापमान सामान्य होता है, तो डिवाइस के भीतरी भाग पर नमी जम जाती है और इलेक्ट्रॉनिक सर्किट बोर्ड को क्षतिग्रस्त कर देती है।
- गाइड के निर्देशों के अलावा किसी और तरीके से डिवाइस को खोलने की कोशिश न करें।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

- डिवाइस को गिराएँ, टकराएँ या हिलाएँ नहीं। सख़्ती से उपयोग करने पर अंदरूनी सर्किट बोर्ड और नाज़ुक यंत्र टूट सकते हैं।
- डिवाइस को धोने के लिए कठोर रसायन, सफ़ाई के सॉल्वेंट, या कड़े डिटर्जेंट का उपयोग न करें।
- डिवाइस पर रंग न लगाएँ। रंग डिवाइस के चलने वाले पुर्जों को अवरुद्ध कर सकता है और उसके सामान्य उपयोग को रोक सकता है।
- केवल साथ में दिया गया या कोई स्वीकृत बदली एंटीना इस्तेमाल करें। डिवाइस में अनधिकृत एंटीना, संशोधन, या अटैचमेंट लगाने पर डिवाइस क्षतिग्रस्त हो सकता है और इससे रेडियो डिवाइसेस को अभिशासित करने वाले कानूनों का उल्लंघन हो सकता है।
- चार्जरों का बाहर खुले में उपयोग न करें।
- आप जिस डेटा को संभाल कर रखना चाहते हैं, जैसे संपर्क और कैलेंडर नोट्स, उनका हमेशा एक बैकअप ले कर रखें।
- समय समय पर अधिकतम कार्यकुशलता के लिए डिवाइस को रिसेट करने के लिए डिवाइस का पॉवर बंद करके बैटरी को निकाल दें।

ये सुझाव समान रूप से आपके डिवाइस, बैटरी, चार्जर, या किसी अतिरिक्त उपकरण पर लागू होते हैं। यदि कोई भी डिवाइस ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है, तो उसे दुरुस्ती के लिए नज़दीकी अधिकृत सेवा सुविधा के पास ले जाएँ।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

अतिरिक्त सुरक्षा जानकारी

■ छोटे बच्चे

आपका डिवाइस और उसके एन्हांसमेंट में छोटे छोटे कलपुर्जे हो सकते हैं। उन्हें छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

■ परिचालन वातावरण

किसी भी क्षेत्र में लागू कोई विशिष्ट नियम पालन करने का ध्यान रखें, और जब आपके डिवाइस का उपयोग प्रतिबंधित हो या जब यह किसी बाधा या ख़तरे का कारण हो तो इसे हमेशा बंद रखें। डिवाइस को केवल इसकी सामान्य परिचालन स्थितियों में ही उपयोग करें। यह डिवाइस सामान्य उपयोग के दौरान कान के पास रखने की स्थिति में या शरीर से कम से कम 2.2 सेंटीमीटर (7/8 इंच) दूर रखने की स्थिति में उपयोग किए जाने पर RF संपर्क मार्गनिर्देशों का अनुपालन करती है। जब शरीर के साथ-रख कर डिवाइस के उपयोग के लिए केस, बेल्ट क्लिप या होल्डर का उपयोग किया जाता है, तो इन चीज़ों में धातु नहीं होनी चाहिए और इनके द्वारा डिवाइस को आपके शरीर से-उपरोक्त दूरी पर रखा जाना चाहिए।

डेटा फ़ाइलें और संदेश भेजने के लिए इस डिवाइस को नेटवर्क से एक बेहतर कनेक्शन की आवश्यकता होती है। कुछ मामलों में ऐसा कनेक्शन प्राप्त होने तक डेटा फ़ाइलों व संदेशों का प्रेषण देरी से हो सकता है। सुनिश्चित करें कि प्रेषण के पूरा होने तक उपरोक्त दूरी संबंधी निर्देशों का पालन किया जाए।

डिवाइस के कुछ हिस्से चुंबकीय हैं। धातुवीय सामग्री डिवाइस के प्रति आकर्षित हो सकती है। क्रेडिट कार्ड या अन्य चुंबकीय भंडारण मीडिया डिवाइस के पास न रखें, क्योंकि उनमें भंडारित जानकारी मिट सकती है।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

■ चिकित्सा उपकरण

वायरलेस फ़ोन सहित किसी भी रेडियो ट्रांसमिटिंग उपकरण के ऑपरेशन से अपर्याप्त रूप से रक्षित चिकित्सा उपकरण की कार्यक्षमता में तकनीकी बाधा उत्पन्न हो सकती है। आपके कोई प्रश्न हों तो किसी फ़िज़िशियन या चिकित्सा उपकरण के निर्माता से पूछें और उनसे पता लगाएँ कि ये डिवाइसेस बाहरी RF ऊर्जा से पर्याप्त रूप से रक्षित हैं। स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं में अपना डिवाइस बंद कर दें यदि वहाँ मौजूद नियमों में आपसे ऐसा करने के लिए कहा गया हो। अस्पतालों व स्वास्थय सेवा सुविधाओं में ऐसे उपकरणों का उपयोग हो सकता है जो बाहरी RF ऊर्जा के प्रति संवेदनशील हों।

आरोपित चिकित्सा उपकरण

चिकित्सा उपकरणों के निर्माता यह सलाह देते हैं कि वायरलेस डिवाइस और किसी आरोपित चिकित्सा उपकरण, जैसे पेसमेकर या आरोपित कार्डियोवर्टर डिफ़ि ब्रिलेटर, के बीच कम से कम 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) की दूरी बना कर रखी जानी चाहिए ताकि चिकित्सा उपकरण में संभावित तकनीकी बाधा से बचा जा सके। जिन व्यक्तियों के पास ऐसे डिवाइस हैं उन्हें:

- वायरलेस डिवाइस चालू स्थिति में होने पर हमेशा वायरलेस डिवाइस को आरोपित चिकित्सा उपकरण से कम से कम 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) की दूरी पर रखना चाहिए।
- वायरलेस डिवाइस को अपनी कमीज़ की ज़ेब में नहीं रखना चाहिए।
- तकनीकी बाधा की संभावना को न्यूनतम करने के लिए वायरलेस डिवाइस को चिकित्सा उपकरण के विपरीत ओर वाले कान के पास पकड़ें।
- यदि यह शक करने का कोई भी कारण हो कि कोई तकनीकी बाधा हो रही है तो वायरलेस डिवाइस फौरन बंद कर दें।
- आरोपित चिकित्सा उपकरण के निर्माता द्वारा दिए गए निर्देशों को पढ़ें और उनका पालन करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

यदि आपके वायरलेस डिवाइस को किसी आरोपित चिकित्सा उपकरण के साथ उपयोग करने के बारे में आपके मन में कोई भी प्रश्न हों, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की सलाह लें।

श्रवण यंत्र

कुछ डिजिटल वायरलेस डिवाइसेस कुछ श्रवण यंत्रों के साथ तकनीकी बाधा पैदा कर सकते हैं। तकनीकी बाधा होने पर अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

वाहन

RF सिग्नल मोटर वाहनों में अनुचित रूप से स्थापित या अपर्याप्त रूप से रक्षित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टमों को प्रभावित कर सकते हैं, जैसे इलेक्ट्रॉनिक फ़्यूल इंजेक्शन सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक एन्टीसिक्ड (एन्टीलॉक) ब्रेकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक गतिनियंत्रण सिस्टम और एयर बैग सिस्टम इत्यादि। अधिक जानकारी के लिए आपके वाहन या किसी भी जोड़े गए अतिरिक्त उपकरण के निर्माता या उसके प्रतिनिधि से पूछें।

केवल किसी योग्य कर्मचारी ने ही डिवाइस की दुरुस्ती करनी चाहिए या किसी वाहन में डिवाइस की स्थापना करनी चाहिए। त्रुटिपूर्ण स्थापना या दुरुस्ती खतरनाक हो सकती है और डिवाइस पर लागू किसी भी वारंटी को अमान्य कर सकती है। नियमित रूप से जाँचें कि आपके वाहन में सभी वायरलेस डिवाइस उचित रूप से माउंट किए गए और कार्यरत हैं। जिस कंपाटमेंट में डिवाइस, उसके भाग या एन्हांसमेंट हों, उसमें ज्वलनशील द्रव, गैसें, या विस्फोटक सामग्री न रखें। एयर बैग से सुसज्जित वाहनों में याद रखें कि एयर बैग अत्यधिक तीव्रता से फूलते हैं। एयर बैग के ऊपर के हिस्से में या एयर बैग के फूलने के सीमा क्षेत्र में स्थापित या पोर्टेबल वायरलेस उपकरण सहित कोई भी वस्तु न रखें। यदि वाहन में वायरलेस उपकरण को अनुचित रूप से स्थापित है और एयरबैग फूलता है, तो परिणाम स्वरूप गंभीर चोटें आ सकती हैं।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

विमान में उड़ते समय आपके डिवाइस का उपयोग करना प्रतिबंधित है। विमान में जाते समय अपना डिवाइस बंद कर दें। विमान में वायरलेस टेलिडिवाइसेस का उपयोग विमान के ऑपरेशन के लिए खतरनाक हो सकता है, उससे वायरलेस टेलिफ़ोन नेटवर्क खराब हो सकता है, और यह गैर कानूनी हो सकता है।

■ संभावित विस्फोटक परिवेश

जब आप किसी संभावित रूप से विस्फोटक वातावरण में हों तो अपना डिवाइस बंद कर दें और सभी संकेतों व निर्देशों का पालन करें। अत्यधिक विस्फोटक वातावरण में वे क्षेत्र शामिल हैं जहाँ सामान्य तौर पर आपको अपना इंजन बंद करने की सलाह दी जाती है। ऐसे स्थानों में चिंगारी भी विस्फोट या आग का कारण बन सकती है जिससे शारीरिक चोट या मृत्यु तक हो सकती है। ईंधन भरने की सुविधाओं जैसे गैस स्टेशन या पेट्रोल पंपों के पास डिवाइस को बंद कर दें। ईंधन डिपो, भंडार, और वितरण क्षेत्रों में, रासायनिक संयंत्रों में, या जहाँ ब्लास्टिंग जारी हो ऐसे स्थानों पर रेडियो उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध का पालन करें। अत्यधिक विस्फोटक वातावरण वाले स्थान अक्सर स्पष्ट रूप से चिह्नित होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं। ऐसे स्थानों में शामिल हैं नौकाओं में डेक का निचला हिस्सा, रासायनिक स्थानांतरण या भंडारण सुविधाएँ, द्रवित पेट्रोलियम गैस या एलपीजी (जैसे प्रोपेन या ब्यूटेन) उपयोग करने वाले वाहन, और ऐसे क्षेत्र जहाँ हवा में रसायन या अन्य कण जैसे अनाज, धूल, या धातु का पाउडर आदि होते हैं।

■ आपातकालीन कॉल

महत्वपूर्ण: इस डिवाइस सहित सभी वायरलेस फ़ोन रेडियो सिग्नलों, वायरलेस नेटवर्कों, लैंडलाइन नेटवर्कों और उपयोगकर्ता-प्रोग्राम्ड कार्यों की सहायता से काम करते हैं। इसलिए सभी परिस्थितियों में कनेक्शन की गारंटी नहीं दी जा सकती। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों जैसे आवश्यक संचार के लिए आपको कभी भी किसी वायरलेस डिवाइस पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहिए।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

आपातकालीन कॉल करने के लिए:

1. यदि डिवाइस चालू नहीं है, तो उसे चालू करें। पर्याप्त सिग्नल सामर्थ्य की जाँच करें।

   कुछ नेटवर्कों में किसी मान्य सिम कार्ड को उचित रूप से डिवाइस में डालना आवश्यक हो सकता है।

2. डिस्प्ले को साफ़ करने के लिए जितनी बार आवश्यक हो समाप्ति कुंजी दबाएँ और डिवाइस को कॉल के लिए तैयार करें।

3. आपके मौजूदा स्थान के लिए आधिकारिक आपात कालीन नंबर दर्ज करें। आपातकालीन नंबर स्थान के अनुसार अलग अलग हो सकते हैं।

4. कॉल कुंजी दबाएँ।

यदि कुछ सुविधाएँ उपयोग में हैं, तो आपातकालीन कॉल कर पाने से पहले आपको उन सुविधाओं को बंद करना पड़ सकता है। अधिक जानकारी के लिए इस गाइड या आपके सेवा प्रदाता की सहायता लें।

आपातकालीन कॉल करते समय सारी आवश्यक जानकारी अधिक से अधिक सटीकता के साथ दें। किसी दुर्घटना के स्थान पर आपका वायरलेस डिवाइस संचार का एकमात्र साधन हो सकता है। अनुमति दिए जाने तक कॉल समाप्त न करें।

■ प्रमाणन जानकारी (SAR)

यह मोबाइल डिवाइस रेडियो तरंगों से संपर्क के मार्गनिर्देशों का पालन करती है।

आपका मोबाइल डिवाइस एक रेडियो ट्रांसमिटर व रिसीवर भी है। यह इस तरह बनाया गया है ताकि यह अंतर्राष्ट्रीय मार्गनिर्देशों द्वारा अनुशंसित रेडियो तरंगों से संपर्क की सीमाओं को पार न करे। यह मार्गनिर्देश स्वतंत्र वैज्ञानिक संगठन ICNIRP द्वारा तैयार किए गए थे और इनमें वे सुरक्षा सीमाएँ शामिल हैं जो उम्र व स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

मोबाइल डिवाइसेस के संपर्क मार्गनिर्देश मापन की एक इकाई का उपयोग करते हैं जिसे विशिष्ट अवशोषण दर या SAR के नाम से जाना जाता है। ICNIRP मार्गनिर्देशों में वर्णित SAR सीमा 2.0 वॉट/किलोग्राम (W/kg) है जो 10 ग्राम टिशू के औसत के आधार पर निर्धारित की गई है। SAR के लिए परीक्षण मानक परिचालन स्थितियों में किए जाते हैं जहाँ डिवाइस सभी परीक्षित फ्रीक्वेंसी बैंड्स में उसके उच्चतम प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर संप्रेषण करती है। किसी परिचालित डिवाइस का वास्तविक SAR स्तर अधिकतम मान से कम हो सकता है क्योंकि डिवाइस केवल नेटवर्क तक पहुँचने के लिए आवश्यक पॉवर का उपयोग करने के लिए बनाई गई है। आप नेटवर्क बेस स्टेशन से कितने करीब हैं इसके जैसे कई घटकों पर निर्भर करते हुए यह मात्रा परिवर्तित हो सकती है। कान के पास डिवाइस के उपयोग के लिए तय ICNIRP मार्गनिर्देशों के तहत उच्चतम SAR मान 0.91 W/kg (RH-99) या 0.81 W/kg (RH-105) है।

डिवाइस सहायक व अतिरिक्त उपकरणों के उपयोग के परिणामस्वरूप भिन्न SAR मान हो सकते हैं। SAR मान राष्ट्रीय रिपोर्टिंग और परीक्षण आवश्यकताओं और नेटवर्क बैंड पर निर्भर करते हुए अलग अलग हो सकते हैं। अतिरिक्त SAR जानकारी www.nokia.co.in पर प्रॉडक्ट जानकारी के तहत उपलब्ध कराई जा सकती है।

* SAR मान राष्ट्रीय रिपोर्टिंग आवश्यकताओं और नेटवर्क बैंड के अनुसार अलग अलग हो सकते हैं। अन्य क्षेत्रों में SAR जानकारी के लिए, कृपया www.nokia.com पर प्रॉडक्ट जानकारी के तहत देखें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

अनुक्रमणिका

अ

अतिरिक्त सुरक्षा जानकारी 22
ऑडियो 19
असली एन्हांसमेंट्स 17

आ

आपका फ़ोन 5
आपके डिवाइस के बारे में vii
आपकी सुरक्षा के लिए iv
आपातकालीन कॉल 25

क

कुंजियाँ और भाग 5
कॉल करें और उत्तर दें 7

च

चालू या बंद करें 4
चार्ज और डिस्चार्ज करना 12
मेडिकल डिवाइसेस 23
    आरोपित मेडिकल उपकरण 23
    श्रवण यंत्र 24

छ

छोटे बच्चे 22

द

देखभाल व रखरखाव 20

न

नेटवर्क सेवाएँ viii
नोकिया बैटरी प्रमाणीकरण मार्गनिर्देश 14
नोकिया मोबाइल चार्जर (DC-4) 19
नोकिया बैटरी चार्जिंग स्टैंड (DT-14) 19
नोकिया स्टीरियो हैडसेट (HS-47) 19

प

परिचालन वातावरण 22
पाठ्य लिखें 8
प्रमाणन जानकारी (SAR) 26
प्रारंभ करें 1

फ

फ़्लैशलाइट 10

ब

बैटरी 18
बैटरी चार्ज करें 3
बैटरी की जानकारी 12
    प्रकार 18

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

म

मल्टी-फ़ोनबुक 11
मुख्य सुविधाएँ 6

व

वाहन 24

ल

लाउडस्पीकर 7

स

सिम कार्ड और बैटरी स्थापित करें 1
संभावित विस्फोटक परिवेश 25
संपर्क 10
संदेश 9

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

हिंदी पाठ्य लेखन

यह फ़ोन हिंदी में संदेश भेजने और पाने में सक्षम है। यह एक नेटवर्क आधारित सुविधा है। कृपया अपने नेटवर्क ऑपरेटर से इस सुविधा की उपलब्धता के बारे में पूछें।

लेखन भाषा सेटिंग

हिंदी अक्षर केवल तभी उपलब्ध होंगे जब आप अपनी भाषा सेटिंग को बदल कर हिंदी चुनेंगे। ऐसा करने हेतु **मीनू** दबाएँ। चयन करें *सेटिंग* > *फ़ोन सेटिंग* > *भाषा* और फिर **चयन करें** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों का इस्तेमाल कर हिंदी भाषा का चयन करें और **ठीक** दबाएँ।

हिंदी अक्षर तीन प्रकार से हैं:

- केवल स्वर। उदाहरण के लिए, **अ**, **आ**, **इ**, **ई**, **उ**, **ऊ**
- व्यंजन और स्वर का मिश्रण, उदाहरण के लिए, **ग**, **तु**
- अनेक व्यंजनों का मिश्रण। उदाहरण के लिए, **ज्ञ**, **श्र**

जब आप हिंदी पाठ्य लेखन का प्रयोग करते हैं तो संकेतक **अ आ इ** डिस्प्ले के बाईं तरफ़ ऊपर की ओर दिखाई देता है। आप अंग्रेजी पाठ्य लेखन, अंक लेखन और हिंदी पाठ्य लेखन बदलकर, हिंदी पाठ्य के साथ अंग्रेजी पाठ्य के साथ अंग्रेजी पाठ्य और अंक जोड़ सकते हैं।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

कुंजी का प्रयोग

एडिटर में हिंदी और अंग्रेजी अक्षरों को बदलने के लिए **#** का इस्तेमाल करें।

हिंदी पाठ्य लेखन चयनित होने पर भी आप अंग्रेजी या हिंदी–अंग्रेजी मिश्रित अक्षरों में संदेश लिख सकते हैं।

आप हिंदी और अंग्रेजी अक्षरों को जोड़कर संदेश बना सकते हैं। विभिन्न पाठ्य लेखन को जल्दी–जल्दी बदलने के लिए **#** का इस्तेमाल करें। अगर हिंदी पाठ्य लेखन का चयन करेंगे तो हर बार जल्दी–जल्दी **#** दबाने पर फ़ोन पाठ्य लेखन के विभिन्न मोडों से जाता है:

- लैटिन अपर केस मोड **ABC**
- लैटिन लोअर केस मोड **abc**
- लैटिन नंबर मोड **123**
- हिंदी पाठ्य लेखन **अ आ इ**
- लैटिन पहला अक्षर अपर केस मोड **Abc**

इसके अलावा अगर हिंदी शब्दकोश इस्तेमाल में हो तब:

- हिंदी शब्दकोश मोड **अ आ इ**

लैटिन संख्या मोड **123** सक्रिय करने के लिए **#** को कुछ देर दबाए रखें।

अगर अंग्रेजी भाषा का चयन किया गया है तो हर बार जल्दी–जल्दी **#** दबाने से फ़ोन निम्न पाठ्य लेखन के मोडों से जाता है:

- लैटिन अपर केस मोड **ABC**

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

- लैटिन लोअर केस मोड **abc**
- लैटिन पहला अक्षर अपर केस मोड **Abc**

इसके अलावा अगर अंग्रेजी शब्दकोश इस्तेमाल में हो तब:

- लैटिन अपर केस मोड ABC
- लैटिन लोअर केस शब्दकोश मोड abc
- लैटिन पहला अक्षर अपर केस शब्दकोश मोड Abc

■ हिंदी कुंजीपटल

हिंदी भाषा के अक्षरों की संख्या के लिए कुंजी **0** से **9** तक की कुंजियाँ पर्याप्त नहीं है। कुंजियाँ और उन पर उपलब्ध अक्षरों की सूची नीचे दी गई है:



 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

कुंजी	उपलब्ध अक्षर (वांछित अक्षर पाने के लिए कुंजी को इतनी बार दबाएँ)									
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	◌ँ	◌ं	◌ः	◌्	1						
2	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	2			
2¤	◌ा	◌ि	◌ी	◌ु	◌ू	◌ृ	2				
3	ए	ऐ	ऍ	ओ	औ	ऑ	3				
3¤	◌े	◌ै	◌ॅ	◌ो	◌ौ	◌ॉ	3				
4	क	ख	ग	घ	ङ	4	क़	ख़	ग़		
5	च	छ	ज	झ	ञ	5	ज़				
6	ट	ठ	ड	ढ	ण	6	ड़	ढ़			
7	त	थ	द	ध	न	7	ऩ				
8	प	फ	ब	भ	म	8	फ़				
9	य	र	ल	व	श	ष	स	ह	9	ऱ	य़
0	␣	0	↵								

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

जब आप **1** का प्रयोग करते हैं, तो किसी व्यंजन के बाद उसका प्रयोग हलंत लगाने के लिए होता है, जबकि रूपांतरक (चंद्रबिंदु, अनुस्वार और विसर्ग) व्यंजन, स्वरों, और मात्राओं के **2**¤ तथा **3**¤ की मात्राओं का प्रयोग किसी व्यंजन को लिखने के बाद ही हो सकता है।

■ अक्षर लेखन

1. जब कर्सर ब्लिंक कर रहा हो तब आप अक्षर लिख सकते हैं।
2. स्वतंत्र स्वर या मात्राएँ, उनसे पहले आए अक्षर के आधार पर **2** और **3** द्वारा लिखी जा सकती हैं।
    - जहाँ लिखना है अगर उससे पहले वाला अक्षर व्यंजन है तो ये कुंजियाँ मात्राएँ लिखेंगी। उदाहरण के लिए:
        - अगर आप **ज** लिखते हैं (**5** को तीन बार दबाएँ) और फिर **2** को एक बार दबाते हैं तो पाठ्य **जा** मिलता है।
        - अगर आप **ज** लिखते हैं (**5** को तीन बार दबाएँ) और फिर **3** को एक बार दबाते हैं तो पाठ्य **जे** मिलता है।
    - अन्य सभी स्थितियों में, ये कुंजियाँ स्वतंत्र स्वर देती हैं:
        - अगर आप दो अक्षरों के बीच जगह छोड़ना चाहते हैं (**0** को एक बार दबाएँ) और फिर **2** को एक बार दबाएँगे तो पाठ्य (खाली जगह) **अ** मिलता है।
        - अगर आप **जे** लिखते हैं (**5** तीन बार और **3** एक बार) और फिर **2** एक बार दबाएँगे तो पाठ्य **जेअ** मिलता है।
3. अगर आप व्यंजन के बाद एक स्वतंत्र स्वर लिखना चाहते हैं, तो स्वर लिखने से पहले ***** दबाएँ (**2** और **3** का इस्तेमाल करें)।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

4. व्यंजन वर्गों को **4** से **9** में संजोया गया है।
5. दो अक्षरों के बीच जगह छोड़ने के लिए **0** को दबाएँ।
6. **1** दबाकर आप रूपांतरक जैसे **चंद्रबिंदु**, **अनुस्वार**, **विसर्ग**, और **हलंत** लिख सकते हैं।

◌ँ ◌ं ◌ः	चंद्रबिंदु, अनुस्वार, विसर्ग
◌्	हलंत

- अगर आप स्वर **अं** या **अः** लिखना चाहते हैं तो:

इस पाठ्य को लिखने के लिए	कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ (गुणा के चिन्ह के बाद दिया अंक दर्शाता है कि किस कुंजी को कितनी बार दबाया जाए)
अं	**2** x 1 **1** x 2
अः	**2** x 1 **1** x 3

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

7. **4** से **9** दबाने पर आप नुक्ता व्यंजन लिख सकते हैं। लेटिन नंबर के बाद नुक्ता व्यंजन आते हैं। उदाहरण के लिए अगर आप **क़** लिखना चाहते हैं तो **4** को सात बार दबाएँ, ऐसे ही अगर आप **फ़** लिखना चाहते हैं तो **8** को सात बार दबाएँ।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ (गुणा के चिन्ह के बाद दिया अंक दर्शाता है कि किस कुंजी को कितनी बार दबाया जाए)
क़	**4** x 7
फ़	**8** x 7
ज़	**5** x 7
ख़	**4** x 8
ड़	**6** x 7
ग़	**4** x 9
ढ़	**6** x 8

8. अपने पाठ्य संदेश में **0** से **9** तक कोई भी अंक लिखने के लिए, इन अंकों की कुंजियों को दबाकर रखें।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

अक्षर मिटाना

पाठ्य या अक्षर मिटाने के लिए निम्नलिखित तरीकों का इस्तेमाल करें।

- किसी शब्द को हटाने के लिए कर्सर को शब्द के अंत में रखें और **हटाएँ** कुंजी बारबार तब तक दबाएँ जब तक पूरा शब्द न मिट जाए।
- किसी खास अक्षर को हटाने के लिए एरो (तीर) कुंजियों के प्रयोग से कर्सर को आगे-पीछे करें, या कुंजी से ऊपर-नीचे करें और कर्सर की निश्चित जगह का चयन करें। अब **हटाएँ** कुंजी तब तक दबाएँ, जब तक अक्षर मिट न जाए।
- पूरे पाठ्य को हटाने के लिए **विकल्प** > *पाठ्य हटाएँ* को चयन करें या **हटाएँ** कुंजी को तब तक दबा कर रखें, जब तक पूरा पाठ्य मिट न जाए।

आप शब्द की शुरुआत से अक्षर नहीं मिटा सकते, यानी शब्द को आगे से पीछे की तरफ मिटाना असंभव है।

साधारण शब्द लिखना

आप हिंदी व्यंजनों और मात्राओं को लिखने के लिए उपयुक्त कुंजी का चयन कर तब तक दबाएँ जब तक चाहे गए व्यंजन और मात्राएँ न मिल जाएँ। उदाहरण के लिए **"सारे"** लिखने के लिए **9** को आठ बार दबाएँ, **2** को एक बार, **9** को दो बार और **3** को एक बार दबाएँ। दो शब्दों के बीच खाली स्थान छोड़ने के लिए **0** दबाएँ।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

1. **सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
सारे	स + ा + र + े	9 2 9 3
जहां	ज + ह + ा + ं	5 9 2 1
से	स + े	9 3
अच्छा	अ + च + ् + छ + ा	2 5 * 5 2
हिन्दोस्तां	ह + ि + न + ् + द + ो + स + ् + त + ा + ं	9 2 7 * 7 3 9 * 7 2 1
हमारा	ह + म + ा + र + ा	9 8 2 9 2

2. **दिवाली की शुभकामनाएं** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
दिवाली	द + ि + व + ा + ल + ी	7 2 9 2 9 2
की	क + ी	4 2
शुभकामनाएं	श + ु + भ + क + ा + म + न + ा + ए + ं	9 2 8 4 2 8 7 2 3 1

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

3. **ईद मुबारक** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ
ईद	ई + द	2 7
मुबारक	म + ु + ब + ा + र + क	8 2 8 2 9 4

* कुंजी के उपयोग

* का तीन तरह से उपयोग होता है:

- व्यंजनों के मिश्रण के लिए।
- किसी व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखने के लिए।
- विशिष्ट अक्षरों के सूचीपत्र को खोलने के लिए * को देर तक दबाए रखें।

व्यंजनों का मिश्रण

अगर हिंदी पाठ्य लेखन को चुना गया है तो आप * का उपयोग मिश्रित व्यंजन लिखने के लिए कर सकते हैं। क्रम ऐसा है – व्यंजन लिखें, * दबाएँ और जिस व्यंजन को साथ में लेना है, उसे लिखें। कुछ मिश्रित व्यंजनों के उदाहरण निम्नलिखित सूचीपत्र में दिए गए हैं।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

संयुक्ताक्षर	अक्षरों का मिश्रण
क्त	क * त
क्र	क * र
क्ष	क * ष
झ्र	झ * र
त्त	त * त
त्र	त * र
द्व	द * व
ध्र	ध * र
न्न	न * न
श्व	श * व
हृ	ह * र
ग्र	ग * र
भ्र	भ * र
ह्म	ह * म

संयुक्ताक्षर	अक्षरों का मिश्रण
द्द	द * द
द्ध	द * ध
द्र	द * र
प्र	प * र
फ्र	फ * र
व्र	व * र
स्र	स * र
ह्य	ह * य
ज्ञ	ज * ञ
ब्र	ब * र
द्म	द * म
द्य	द * य
श्र	श * र

अगर आपने अंग्रेजी पाठ्य लेखन चयन किया है, तो आप विशिष्ट अक्षर * को एक बार दबाने से पा सकते हैं।

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखना

अगर आप किसी व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखना चाहते हैं, तो स्वर लिखने से पहले (**2** और **3** के इस्तेमाल से) ***** दबाएँ।

विशिष्ट अक्षरों के सूची-पत्र को खोलना

विशिष्ट अक्षरों के सूची-पत्र को खोलने के लिए ***** को देर तक दबाएँ। आपको विराम चिन्हों और विशेष अक्षरों की एक सूची दिखेगी। कोई भी विराम चिन्ह या विशेष अक्षर चयन करने के लिए तीर (एरो) कुंजियों का इस्तेमाल करें और **प्रयोग करें** दबाएँ।

विशिष्ट अक्षरों और विराम चिन्हों की सूची निम्नलिखित है:

<table>
<tr><th>विशिष्ट अक्षरों की सूची</th></tr>
<tr><td>। ।। * ऽ ॐ क्त क्ष ज्ञ त्त न्न द्द द्ध द्य द्व न्न श्र . , ’ ? ! “ - ( ) @ / : _ ; + & % *
= < > £ € $ ¥ ¤ [ ] { } \ ~ ^ ` ¡ ¿ § # | ␣ ↵</td></tr>
</table>

उदाहरण के लिए:

- अगर आप हिंदी पूर्णविराम या **।** (देवनागरी), या **।।** (दो डंडे) लिखना चाहते हैं, तो ***** को दबा कर रखें। एरो (तीर) कुंजियाँ का इस्तेमाल करते हुए इच्छित अक्षर चयन करें और फिर **प्रयोग करें** दबाएँ।
- विराम चिन्हों और विशेष अक्षर लिखे बिना वापस लौटने के लिए **पीछे** दबाएँ।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

रेफ अक्षर "र्" लिखना

रेफ अक्षर लिखने के लिए पहले **"र"** लिखे, फिर हलंत लगायें और उसके बाद व्यंजन लिखें। उदाहरण के लिए **"र्फ"** लिखने के लिए **9** को दो बार दबाएँ, ***** को एक बार दबाएँ और फिर **8** को दो बार दबाएँ।

अक्सर उपयोग में आनेवाले कुछ शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित सूची में दिए गए हैं।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
बर्फ	ब + र + ् + फ	8 9 * 8
दुर्गा	द + ु + र + ् + ग + ा	7 2 9 * 4 2
कर्म	क + र + ् + म	4 9 * 8
शर्म	श + र + ् + म	9 9 * 8
पर्व	प + र + ् + व	8 9 * 9
स्वर्ग	स + ् + व + र + ् + ग	9 * 9 9 * 4

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

■ हलंत अक्षर लिखना

हलंत के उपयोग से किसी व्यंजन के साथ जुड़े स्वर को समाप्त किया जा सकता है। अक्सर हलंत के उपयोग से स्वररहित व्यंजन बनाए जाते हैं, जिन्हें बाद में अन्य व्यंजनों के साथ जोड़कर, सयुंक्ताक्षर बनाया जाता है। हलंत का उपयोग मिश्रित व्यंजनों के अलावा आधे अक्षर या वर्ण बनाने में भी किया जाता है। किसी अक्षर पर हलंत लगाने के लिए पहले अक्षर लिखें और फिर ***** को एक बार दबाएँ।

पाठ्य का प्रदर्शन हैंडसेट पर निर्भर करता है इसलिए प्रदर्शन बदल भी सकता है।

अक्सर उपयोग में आनेवाले शब्दों के कुछ उदाहरण निम्नलिखित सूची-पत्र में दिए गए हैं।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
रक्त	र + क + ् + त	9 4 * 7
ज़ख्म	ज़ + ख + ् + म	5 4 * 8
वक्त	व + क + ् + त	9 4 * 7
प्राप्त	प + ् + र + ा + प + ् + त	8 * 9 2 8 * 7
पन्ना	प + न + ् + न + ा	8 7 * 7 2

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

■ रकार अक्षर लिखन

रकार अक्षर लिखने के लिए व्यंजन लिखें, उसके बाद हलंत लगायें और **"र"** लिखें। उदाहरण के लिए ट्र लिखने के लिए **6** एक बार दबाएँ ***** एक बार और फिर **9** दो बार दबाएँ।

अक्सर उपयोग में आनेवाले कुछ शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित सूची–पत्र में दिए गए हैं:

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
ड्रम	ड + ् + र + म	6 * 9 8
ट्रक	ट + ् + र + क	6 * 9 4
ट्रे	ट + ् + र + े	6 * 9 3
राष्ट्र	र + ा + ष + ् + ट + ् + र	9 2 9 * 6 * 9

 Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

T9 शब्दकोश

हिंदी भाषा के लिए भी **T9** शब्दकोश इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए **विकल्प** दबाएँ एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश चालू** के विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ।

कुंजी के इस्तेमाल से **हिंदी** विकल्प को चुनें और **चयन करें** दबाएँ। **T9** शब्दकोश मोड उपलब्ध होने पर प्रदर्शित होगा और आप सीधे पाठ्य लेखन की स्क्रीन पर पहुँच जाते हैं। शब्दकोश मोड बंद करने के लिए **विकल्प** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश** विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश बंद** विकल्प चुनें **चयन करें** दबाएँ।

हिंदी पाठ्य लेखन को अन्य फ़ीचरों के साथ इस्तेमाल करना

आप हिंदी पाठ्य लेखन को संपर्क बनाने, संपर्क विवरण में नोट्स जोड़ने, स्वागत नोट बनाने और बैनर बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यह फ़ीचर तब विशेष रूप से उपयोगी है जब, हम जो कहना चाहते हैं उसे, अंग्रेजी या किसी दूसरी भाषा के शब्द, सही और पूरी तरह से व्यक्त नहीं कर पाते। **"ठहरना"** जैसे शब्दों के लिए भी, जिनका उच्चारण केवल देवनागरी अक्षरों द्वारा सही प्रकार से समझा जा सकता है, हिंदी पाठ्य लेखन उपयोगी साबित होता है।

नोट: हिंदी में संदेश भेजना एक नेटवर्क आधारित सुविधा है। आप केवल उन्हीं मोबाइल फ़ोनों पर हिंदी में संदेश भेज सकते हैं जिनमें हिंदी भाषा की सुविधा है। जिन फ़ोनों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं, उन पर बेतुका पाठ्य दिखाई देगा। कुछ नेटवर्क हिंदी पाठ्य ट्रांसमिशन को सपोर्ट नहीं करते। यदि आपको हिंदी संदेश भेजने और पाने में परेशानी हो तो अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें।

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.

नोकिया केयर ऑनलाइन

नोकिया केयर वेब सहायता आपको हमारी ऑनलाइन सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी देती हैं।

इंटरऍक्टिव प्रदर्शन

यह सीखें कि आपको पहली बार अपना फ़ोन कैसे सेट करना हैं, और इसकी सुविधाओं के बारे में और अधिक जानें। इंटरऍक्टिव प्रदर्शन आपके फ़ोन का उपयोग करने के बारे में क्रमिक रूप से निर्देश देते हैं।

उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

ऑनलाइन उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका में आपके फ़ोन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हैं। अद्यतन जानकारियों के लिए नियमित रूप से जाँच अवश्य करते रहें।

सॉफ़्टवेयर

अपने फ़ोन और PC के लिए सॉफ़्टवेयर उपयोग करके अपने फ़ोन का अधिक-से-अधिक लाभ उठाएँ। नोकिया PC सुइट आपके फ़ोन और PC को जोड़ता है इसलिए आप अपने कैलेंडर, संपर्कों, संगीत और छवियों को प्रबंधित कर सकते हैं, जब कि अन्य अनुप्रयोग इसके उप योग के पूरक के रूप में कार्य करते हैं।

सेटिंग

फ़ोन की कुछ कार्य प्रणालियाँ, जैसे कि मल्टीमीडिया संदेश सेवा, मोबाइल ब्राउज़ करना और ई-मेल*, का उपयोग करने से पहले आपको सेटिंग प्राप्त करनी पड़ सकती हैं। इन्हें अपने फ़ोन में नि:शुल्क प्राप्त करें।

* सभी फ़ोनों पर उपलब्ध नहीं हैं।

अधिक विवरण के लिए कृपया www.nokia.co.in/support पर जाएँ।

NOKIA Care

Copyright © 2007 Nokia. All rights reserved.